एक नजर में

सड़क हादसे में डंपर ने पत्नी, बहन और मासूम बेटे को कुचला

लखीमपुर खीरी। मितौली थाना क्षेत्र के कस्ता इलाके में शिवाला तिराहे के पास सोमवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही पत्नी, बहन और मासूम बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार का मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की मौत की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर है। हादसे में घायल अरविंद पुत्र फूलचंद्र, निवासी ओदरहिया थाना नीमगांव को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है। जानकारी के अनुसार, शिवाला तिराहे के पास डंपर की टक्कर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तीन लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। एक झटके में उजड़ गया परिवार जिस परिवार में खुशियां थीं, वहां अब चीख-पुकार और मातम का माहौल है। पत्नी, बहन और मासूम बेटे की मौत ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल है।

जगत पाल ने जीता कैशबैक



लखीमपुर खीरी। हीरो मोटोक्योर्प की ओर से मूसाराम हीरो में आयोजित विशेष हीरो उत्सव में खुशियों की बौछार है। मूसाराम हीरो में आयोजित विशेष हीरो उत्सव ग्राहकों के लिए बन रहा है खुशियों और शानदार इनामों का उत्सव है। इस उत्सव के दौरान मूसाराम हीरो के ग्राहक जगत पाल ने अपनी पसंदीदा हीरो स्प्लेंडर प्लस खरीदकर न केवल नई गाड़ी का सपना पूरा किया, बल्कि अपनी खरीद पर 100 प्रतिशत कैशबैक का शानदार इनाम भी जीत लिया। मूसाराम हीरो परिवार की ओर से जगत पाल को इस शानदार जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ! **मूसाराम एजेंसी के मैनेजर कपिल नगर ने बताया** 1 नवंबर से 4 नवंबर 2026 तक चल रहे इस खास उत्सव में हर नई हीरो बाइक एवं स्कूटर की खरीद पर पाइए शानदार स्क्रैच कूपन और एक नई गाड़ी जीतने का सुनहरा मौका। किस्मत आजमाइए, शानदार इनाम पाइए और अपनी खुशियों को घर ले जाइए। आज ही आये मूसाराम हीरो अपनी पसंद की हीरो बाइक या स्कूटर खरीदें और शानदार इनाम जीतने का मौका पाएं। हर खरीद पर खुशियों की सौगात, अगला विजेता कौन? कहीं आप तो नहीं। इस उत्सव के दौरान मूसाराम हीरो के सम्मानित ग्राहक जगत पाल ने अपनी पसंदीदा हीरो स्प्लेंडर प्लस खरीदकर न केवल नई गाड़ी का सपना पूरा किया, बल्कि अपनी खरीद पर 100 प्रतिशत कैशबैक का शानदार इनाम भी जीत लिया।

देसी शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

लखीमपुर खीरी। जिले के थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रुद्रपुर कलां में स्थित एक देसी शराब की दुकान में चोरों ने बीती रात धावा बोल दिया। चोर दुकान का शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और बड़ी मात्रा में देसी शराब के पव्वे चोरी करके फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में हड़कंप मच गया है। दुकान के अनुज्ञापी प्रकाश जायसवाल पुत्र राज किशोर जायसवाल, निवासी मोहल्ला लक्ष्मी नगर कॉलोनी, जिला लखीमपुर खीरी ने थाने में दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उनकी देशी शराब की दुकान रुद्रपुर कलां में संचालित होती है। बीती रात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी की इस बड़ी घटना को अंजाम दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब सुबह करीब 6 बजे सेल्समैन द्वारा इसकी सूचना दुकान मालिक को दी गई, जो उस समय गोला में थे। दुकान पर पहुँचकर देखने पर शटर का ताला टूटा हुआ पाया गया। दी गई जानकारी के अनुसार चोर दुकान से 28 डिग्री के 180 पव्वे, ?36 डिग्री के 1540 पव्वे, ?42 डिग्री के 2430 पव्वे व ?42 डिग्री 100 रूके 270 पव्वे चोरी हुए हैं। पीड़ित दुकानदार ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेने और उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए चोरों को जल्द पकड़ने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गौरीफंटा बॉर्डर पर पकड़े कपड़े



पलिया खीरी। गौरीफंटा बॉर्डर पर एसएसबी ने की कार्रवाई। नेपाल ले जाए जा रहे 215 नग कपड़े बरामद 39वीं वाहिनी एसएसबी की गौरीफंटा सीमा चौकी के जवानों ने गश्त के दौरान दो नाबालिग लड़कों को पकड़कर 215 नग विभिन्न प्रकार के कपड़े बरामद किए। बरामद कपड़ों में 58 शॉल, 49 लेडीज सूट सहित साड़ी, गर्म सूट और अन्य कपड़े शामिल हैं। दोनों नाबालिगों की पहचान बनगांव निवासी आदर्श राना (15) और सुगम राना (14) के रूप में हुई है। एसएसबी ने दोनों नाबालिगों और बरामद कपड़ों को आवश्यक जब्ती मेमो तैयार कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय गौरीफंटा के सुपुर्द कर दिया।

हैदराबाद पुलिस ने चार जुआरियों को किया गिरफ्तार



गोला गोकर्णनाथ खीरी। प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक02.11.2026 को जुआ खेलने वाले 04 नफर् अभियुक्तगण 1. श्यामू पुत्र ब्रजकिशोर उम्र करीब 27 वर्ष 2. प्रेमू सिह पुत्र महेश उम्र 35 वर्ष 3. अजीत पुत्र सोबरन करीब उम्र 20 वर्ष 4. रामखेलावन पुत्र कृपाल उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण ग्राम सेमरई थाना हैदराबाद जिला खीरी को ताश के 52 पत्ते माल फड 1150 रु0 व जामा तलाशी 150 रुपये कुल 1300 रुपये के साथ ग्राम सेमरई से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी एंव बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 306/2026 धारा 13 जुआं अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। जुआरियो को गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरीक्षक जय नारायण यादव, आरक्षी सचिन, साहब बक्स, शिवेन्द्र कुमार, वरुपेन्द्र थाना हैदराबाद जनपद खीरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पैमाइश के बाद आवंटित भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग

पुरवा, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ठाकुरखेड़ा मजरे पल्हरी गांव में चार दशक पूर्व आवंटित भूमि की पैमाइश कराकर रकबे के अनुसार कब्जा दिलाने की मांग की गई है। इस संबंध में आवंटियों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।गांव निवासी आवंटी इस्माइल आदि के मुताबिक, करीब 40 वर्ष पूर्व उनके पिता के नाम भूमि संख्या 113 में 0.114 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया था। आरोप है कि मौके पर आवंटित रकबे के मुकाबले काफी कम भूमि पर उनका कब्जा है। आवंटियों का कहना है कि भूमि की पैमाइश कराकर निर्धारित रकबे के अनुसार कब्जा दिलाया जाए। उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह को प्रत्यावेदन सौंपा है।

शिवकथा की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा



उन्नाव। बीघापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गौरी में 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक आयोजित शिव महापुराण महाकथा की तैयारियों का सोमवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना और एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने निरीक्षण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मुख्य पंडाल, श्रद्धालुओं के आवागमन के रास्ते, वाहनों के प्रवेश और निकास मार्गों तथा पार्किंग स्थलों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली भी देखी। डीएम और एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए निर्धारित मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। पार्किंग स्थलों पर उचित प्रबंधन रखा जाए, ताकि जाम की स्थिति न बने। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा निगरानी में किसी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव, एडीएम सुशील कुमार, एएसपी दक्षिणी शैलेंद्र लाल, एएसपी पश्चिमी हरदोई अखिलेश सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नैनीताल की वादियों में विद्यार्थियों ने लिया एडवेंचर का आनंद



शुक्लागंज, उन्नाव। अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए नैनीताल के पांगोट में चार दिवसीय शैक्षिक एवं रोमांचक एडवेंचर ट्रिप आयोजित की गई। 5610 फीट की ऊंचाई पर स्थित कैंप में विद्यार्थियों ने जिपलाइन, वॉल क्लाईंबिंग, पिस्टल शूटिंग और तीरंदाजी जैसी साहसिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने हिमालय दर्शन, नैना देवी मंदिर, मॉल रोड और नैनी झील का भ्रमण कर स्थानीय संस्कृति को जाना। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि ऐसी यात्राओं से बच्चों में आत्मविश्वास, साहस और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। प्रधानाचार्या डॉ. अंकिता सोनी ने इसे विद्यार्थियों के लिए सीखने का अनूठा अवसर बताया। ट्रिप के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला।

दो बाइकों की भिड़ंत में किसान की मौत, दूसरा गंभीर

मियांगंज, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के सफीपुर-रसूलाबाद मार्ग पर लोचनखेड़ा और करहिया गांव के बीच रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का लखनऊ के अस्पताल में उपचार चल रहा है।लोचनखेड़ा निवासी अवधेश (45) पुत्र सरजू रविवार को पनापुर कलां बाजार से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मायापुर, थाना पारा लखनऊ निवासी संजय पुत्र राजेंद्र सफीपुर से रसूलाबाद की ओर जा रहे थे। दोनों की बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। राहगीरों ने घायलों को मियागंज सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर कुलदीप कुमार ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान अवधेश ने दम तोड़ दिया।

मुकदमा दर्ज

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने न्यायालय के आदेश पर युवक, उसके पिता और दो अज्ञात लोगों के खिलाफदुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।उसकी 20 वर्षीय बेटी की शादी कुछ दिन पहले सिसौली-त्रिपुरारिपुर निवासी युवक से तय हुई थी। आरोप है कि युवक और उसके परिजनों ने शादी से पहले बेटी के हिस्से की जमीन उसके नाम करने की शर्त रखी थी। इस पर महिला ने शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि 11 अगस्त को बेटी अपने मामा के घर गई थी। वहां युवक दो साथियों के साथ पहुंचा और उसके साथ मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई। आरोप है कि इसके बाद युवक उसे जंगल में ले गया और दुष्कर्म किया। किसी को घटना बताने पर जान से मारने की धमकी देकर गांव के बाहर छोड़ दिया।

मतदाता सूची शुद्धिकरण में तेजी लाने के निर्देश

पुरवा, उन्नाव। तहसील सभागार में एसडीएम दिग्विजय सिंह ने लेखपालों और सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर विधानसभा मतदाता सूची के शुद्धिकरण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को अभियान में तेजी लाकर कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची में मृतक, दोहरी प्रविष्टि और छूटे हुए मतदाताओं के नामों की जांच की जाए। पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े जाएं, जबकि गलत और अपात्र नाम हटाए जाएं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के सभी 496 बूथों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर बीएलओ की तैनाती की गई है। सभी सुपरवाइजर बीएलओ से समन्वय बनाकर शुद्धिकरण का कार्य समय से पूरा कराएं।

ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, छह महिलाएं घायल



उन्नाव। बीघापुर में चल रही प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा सुनकर सवारियां लेकर उन्नाव लौट रहा ऑटो रविवार देर शाम भैसई गांव के पास अनियंत्रित होकर आगे चल रहे साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए पलट गया। हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार छह महिलाएं घायल हो गईं।बेथर निवासी राजकुमार उर्फ बाबू (65) जिओ पेट्रोल पंप से राजमिस्त्री का काम कर साइकिल से घर लौट रहे थे। तभी ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो पलटने से उसमें सवार शिवनगर निवासी किरण पत्नी अनुज शुक्ला, आशा पुत्री राधेलाल, मिथिलेश पत्नी रामसजीवन, मीरा यादव, रचना यादव और माया भी घायल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। राजकुमार की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तीन घंटे जाम में जकड़ा रहा शुक्लागंज, राहगीर परेशान

शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार सुबह पीक ऑवर में नवीन पुल से फेरलेन सब्जी मंडी तक भीषण जाम लगने से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और आम लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा।सुबह करीब नौ बजे पोनी रोड तिराहे पर आड़े-तिरछे खड़े टेंपो और ई-रिक्शा के कारण यातायात बाधित हो गया। देखते ही देखते जाम फेरलेन से नवीन पुल तक पहुंच गया।

मगरवारा में कथित जुआ अड्डे पर रोजाना लाखों का दांव

उन्नाव। सदर कोतवाली की मगरवारा चौकी क्षेत्र के करोवन (वजीरखेड़ा) में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर जुए का संचालन हो रहा है। स्थानीय लोगों ने चौकी पुलिस की कथित सांठगांठ पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच की मांग की है। आरोप है कि यहां रोजाना लाखों रुपये का दांव लगाया जाता है। इस खेल का संचालन उन्नाव के आदर्श नगर निवासी एक व्यक्ति और उसके साथी कर रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति पूर्व में जहरखुरानी के मामले में जेल जा चुका है।स्थानीय लोगों के मुताबिक, सेहराज अली के मदरसा तालीम के पास एक खेत में पेड़ के नीचे पीला तिरपाल बिछाकर जुए का फड़ सजाया जाता है। यहां प्रतिदिन जुआ खेलने वालों की भीड़ जुटती है। लोगों का आरोप है कि कई बार मगरवारा चौकी पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि इस गतिविधि से आसपास चोरी की घटनाएं बढ़ सकती हैं और युवाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोगों ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

जर्जर बिजली पोल गिरने से तीन मोहल्लों की आपूर्ति ठप

शुक्लागंज, उन्नाव। पोनी रोड मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर बड़ा हादसा टल गया। एक उपभोक्ता के घर घरेलू केबल जोड़ने के बाद कर्मचारी के नीचे उतरते ही जर्जर सीमेंटेड पोल पास में खड़े हाईटेंशन लाइन के लोहे के पोल पर गिर गया। इससे दोनों पोल टूट गए। एचटी पोल संत लाल निषाद के घर पर जा टिका, जिससे आसपास हड़कंप मच गया।सुरक्षा के मद्देनजर बिंदा नगर ट्रांसफार्मर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। हादसे के कारण बिंदा नगर, श्रीनगर और अवस्थी फार्म हाउस समेत तीन मोहल्लों के दो हजार से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई। दोपहर करीब 12 बजे हुई घटना के बाद शाम चार बजे मरम्मत कार्य शुरू हुआ। बिजली कर्मचारियों ने नए पोल लगाकर लाइन दुरुस्त की। इसके बाद रात करीब आठ बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। त्योहारी सीजन में आठ घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों को पानी और रोशनी के लिए परेशानी उठानी पड़ी।

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट



लखीमपुर खीरी। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह सदर विधायक योगेश वर्मा के साथ सेठघाट पहुंचे और छठ पूजा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय रहते सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने घाट की साफ-सफाई, पूजन स्थल की व्यवस्था और नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग सहित अन्य आवश्यक इंतजामों को परखा। उन्होंने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक से भी बातचीत कर तैयारियों की जानकारी ली। डीएम ने तहसील, ब्लॉक, जिला पंचायत और नगर पालिका प्रशासन को आपसी समन्वय से सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। छठ पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए। घाट को सुविधाओं से सुसज्जित करने में जुटे विधायक सदर विधायक योगेश वर्मा छठ पूजा स्थल को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। घाट पर श्रद्धालुओं की सहूलियत के मद्देनजर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और आयोजन को व्यवस्थित स्वरूप देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलुव राजू आर, तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा, बीडीओ संदीप कुमार, ईओ संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एक नजर में

मिलावटखोरी पर कार्रवाई के बाद क्लीन चिट पर उठे सवाल

उन्नाव। त्योहारों का सीजन नजदीक आते ही जिले में मिलावटखोर सक्रिय होने लगे हैं। मिठाई, आइसक्रीम, पनीर, खोया और खाद्य तेल समेत कई उत्पादों में मिलावट की शिकायतें सामने आ रही हैं। मुनाफाखोरी के लिए लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की है। इसके बावजूद विभागीय कार्रवाई की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कुछ प्रतिष्ठानों पर छापेमारी और सीजिंग की कार्रवाई के बाद कथित तौर पर उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। बीते दिनों सहायक आयुक्त (खाद्य) प्रियंका सिंह के नेतृत्व में टीम ने कई प्रतिष्ठानों से नमूने लिए थे और कुछ स्थानों पर सीजिंग की कार्रवाई भी की थी। अब सवाल उठ रहे हैं कि जांच में क्या मिला और संबंधित कारोबारियों के खिलाफक्या कार्रवाई हुई? यदि नमूने मानकों के अनुरूप थे तो सीजिंग का आधार क्या था? त्योहारी सीजन में जिला प्रशासन से विशेष अभियान चलाने, नमूनों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और विभागीय कार्रवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठ रही है।

जमीन खाली कराने को लेकर खूनी संघर्ष, चार घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कुशालपुरवा मजरे फरीदपुर कटुर गांव में जमीन खाली कराने को लेकर विवाद हो गया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी राकेश पुत्र भैरव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक नवंबर की रात करीब नौ बजे रामबिहारी, उसकी पत्नी गुड्डी, पुत्र कुलदीप व नीरज, कैलाश, रघुराज और मदारनगर निवासी यासीन खान लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने जमीन खाली करने की धमकी देते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर राकेश और उसके परिजनों को पीट दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे पुत्र सुशील, पत्नी रानी, बहू वीनू और संजय को भी लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। सिर पर चोट लगने से सुशील और वीनू बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ऋषि कपूर को सौंपी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हड़ताल पर अड़े 11 सचिव निलंबित, 73 को अंतिम नोटिस

उन्नाव। सहकारी समिति कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते खाद वितरण प्रभावित न हो, इसके लिए सहकारिता विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। काम पर नहीं लौटने वाले 11 समिति सचिवों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि 73 सचिवों को अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने दो दिन में काम पर लौटने का अल्टीमेटम दिया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वेतन समेत विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारी 22 अक्टूबर से हड़ताल पर हैं। 31 अक्टूबर को एडीएम (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद तीन कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल वापस ले ली। इसके बाद 52 समितियों के सचिव और प्रभारी काम पर लौट आए हैं। शेष समितियों पर खाद वितरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। जरूरत पड़ने पर आईएफएफडीसी और एग्री जंक्शन केंद्रों से खाद वितरित कराई जाएगी। चार नवंबर को इफ्को की डीएपी और एनपीके की एक रैक पहुंचने की संभावना है। इसका आवंटन डीएम की अध्यक्षता वाली समिति करेगी। विभाग के अनुसार अक्टूबर तक 1957 मीट्रिक टन यूरिया के लक्ष्य के सापेक्ष 2499 और 4907 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक के लक्ष्य के सापेक्ष 5455 मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है।

कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन आज ई-लॉटरी से

उन्नाव। कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत अनुदान पर कृषि यंत्र पाने के लिए आवेदन करने वाले किसानों का चयन तीन नवंबर को ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए दोपहर 12रू30 बजे पन्नालाल सभागार में प्रक्रिया आयोजित होगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति (डीएलईसी) की मौजूदगी में चयन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में किसानों ने दर्शन पोर्टल 1.0 पर विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग की है। इनमें फसल अवशेष प्रबंधन, कृषि यंत्रीकरण और त्वरित मक्का कार्यक्रम शामिल हैं। इन योजनाओं में कस्टम हायरिंग सेंटर, सुपर सीडर समेत अन्य कृषि यंत्रों के लिए आवेदन किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कई यंत्रों के निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऐसे में लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी से पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों और कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन करने वाले किसानों से निर्धारित समय पर पन्नालाल सभागार पहुंचने की अपील की गई है।

युवक पर जानलेवा हमले में दो सगे भाई गिरफ्तार

उन्नाव। कोतवाली सदर पुलिस ने दोस्तीनगर में युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को उनके घर से पकड़कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के मुताबिक, दोस्तीनगर निवासी अशोक ने 31 अक्टूबर को तहरीर देकर बताया था कि गांव के ही रज्जन के पुत्र मनीष और संगीत ने उनके बेटे अमित भारती के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला किया था। इससे अमित घायल हो गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3), 324(4) और 109(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक नवंबर को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में संगीत (32) और मनीष (37) निवासी दोस्तीनगर शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र, निरीक्षक गीता सिंह, कांस्टेबल अभिषेक यादव, दीपक चौरसिया और कुलदीप बघेल शामिल रहे।

युवती को भगाने का आरोपी आशीष गिरफ्तार

उन्नाव। हसनगंज पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्योतनी तिराहे के पास से दबोचा। विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।हसनगंज थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 352ध्2026 में भिटवा गदनखेड़ा निवासी आशीष उर्फछोट्टन पुत्र मैकू वांछित चल रहा था। उसके खिलाफबीएनएस की धारा 137(2) और 87 के तहत मुकदमा दर्ज है। सोमवार को उपनिरीक्षक जयप्रकाश त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की तलाश में निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी न्योतनी तिराहे के पास मौजूद है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कांस्टेबल अंकित कुमार और मोहनीश श्रीवास शामिल रहे।

क्षतिग्रस्त आरआरसी सेंटर बने शोपीस, कूड़ा निस्तारण ठप

बिछिया, उन्नाव। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) बदहाली का शिकार हैं। विकासखंड बिछिया की कई ग्राम पंचायतों में ये सेंटर क्षतिग्रस्त होकर शोपीस बने हुए हैं। इससे कूड़ा निस्तारण व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अधिकांश केंद्रों का नियमित संचालन नहीं हो रहा है। कुछ सेंटरों में केवल औपचारिकता के लिए कूड़ा डाला गया है। वहीं, कूड़ा संग्रहण के लिए उपलब्ध कराए गए ई-रिक्शा का भी स्वच्छता कार्यों के बजाय निजी कामों में इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आरआरसी सेंटरों के संचालन में लापरवाही के चलते ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद गांवों में कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था प्रभावी नहीं हो सकी है।

आंवले के पेड़ से फंदे पर लटका मिला राजमिस्त्री का शव

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में लालगंज हाईवे पर कुरमापुर गांव के सामने सोमवार सुबह आंवले के बाग में अधेड़ का शव रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधार कार्ड से शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।दही थाना क्षेत्र के आवास विकास राजेपुर निवासी अशोक (50) राजमिस्त्री थे। उनके बेटे चंदन ने बताया कि पिता रविवार शाम बिना बताए घर से निकल गए थे। वह मोबाइल भी घर पर छोड़ गए थे। परिजन रातभर उनकी तलाश करते रहे। सोमवार सुबह चंदन एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में भीड़ देखकर रुके तो पेड़ से लटका शव उनके पिता का निकला। मौके पर पेड़ के पास शराब का खाली क्वार्टर और पानी की बोतल भी मिली। मृतक की पत्नी शांति और पांच बेटे व दो बेटियां हैं। इनमें तीन बेटे अविवाहित हैं।